हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 7 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 16 .0 डिग्री

11 मेयर को मिलने चाहिए पूरे अधिकार, तभी विकास ...


12 भारतीय शिक्षण मंडल के स्थापना दिवस पर प्रदेश ...


### शहर में आज

- ⏭ आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- ⏭ लघु सचिवालय में समाधान शिविर में सुनीं जाएंगी समस्याएं।
- ⏭ रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।

### खबर संक्षेप

#### आज शुरू होगा एनीमिया मुक्त पोषण अभियान

**रोहतक।** एनीमिया और कुपोषण बारे जागरूकता की अलख जगाने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 7-8 अप्रैल को- एनीमिया मुक्त पोषण युक्त कैंपस अभियान का आयोजन करेगा। एमडीयू कुलपति की पत्नी एवं भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर बतौर मुख्यातिथि इस अभियान का शुभारंभ करेंगी। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से भागीरथी कन्या छात्रावास तथा 11 बजे राधाकृष्णन सभागार में आयोजित किया जाएगा।

#### डायल 112 गाड़ी को कार ने मारी टक्कर, केस दर्ज

**रोहतक।** कच्चा चमारियां रोड पर ड्यूटी के समय एक कार चालक ने पुलिस की डायल 112 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ईआरवी में मौजूद पुलिस जवानों को हल्की सी चोटें भी आई है। हालांकि कार चालक ईआरवी को टक्कर मारकर गाड़ी को मौके पर ही छोड़कर भाग गया। ईआरवी पर ड्राइवर ईएएसआई विरेंद्र ने दी शिकायत में बताया कि वह शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे अपनी ड्यूटी प्वाइंट कच्चा चमारिया रोड आउटर गोहाना बाईपास पर गाड़ी को सड़क के पास साइड में लगाकर बैठे हुए थे। अचानक से एक कार सवार तेज रफ्तार से आया और ईआरवी को पीछे से टक्कर मार दी।



#### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रोहतक।** कैलाश पार्क सुभाष नगर में राम नवमी पर्व पर पौधरोपण किया गया। आरडब्ल्यूए प्रधान प्रवीन सहगल ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हमें मर्यादाओं का पालन करते हुए सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देता है। प्रवीन सहगल ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। सभी को जब भी मौका मिले पौधरोपण अवश्य करें।

### पुलिस ने फर्जी लॉटरी के नाम पर होने वाले फ्रॉड को लेकर एडवाइजरी जारी की

# धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों से सतर्क रहें लोगः एसपी

बैंक विवरण, पता, क्रेडिट कार्ड या व्यक्तिगत जानकारी शेयर न करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

साइबर अपराधी फर्जी लॉटरी के नाम पर आप के साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं। ऐसी धोखाधड़ी से सावधान रहे। जालसाज फर्जी लॉटरी के नाम पर आमजन को तरह-तरह को प्रलोभन देकर आपकी व्यक्तिगत जानकारी हासिल कर पैसे हड़प लेते हैं। कुछ जालसाज काल्पनिक पेशकश करते है जैसे कि आप कार, नकद राशि, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि जीत सकते हैं। जालसाज विभिन्न माध्यमों से जैसे टैक्सट मैसेज, व्हाट्सएप, कॉल,ईमेल या डाक द्वारा आपको विभिन्न चीजे जीतने का लालच देते हैं जो बदले मे



आपको अपना बैंक विवरण, पता, क्रेडिट कार्ड या व्यक्तिगत जानकारी भेजने पर मजबूर करते हैं। आमतौर पर ऐसे मामलों मे फीस की मांग की जाती है जो जीतने से पहले भुगतान करना जरूरी है। जालसाज के धोखे में आकर पीड़ित पैसे खो देता है और बदले में कुछ नही मिलता है। यदि आप अपनी व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करते हैं तो उनका प्रयोग आगे चलकर आपराधिक धोखाधड़ी जैसी गतिविधियों के लिए भी किया जा सकता है। इसलिए एसपी नरेंद्र बिजारणिया की तरफ से अलर्ट करते हुए एडवाइजरी जारी की गई है।

#### ठगी का तरीका

जालसाज आपको पोस्ट, कोरियर, ई-मेल के द्वारा पत्र या स्क्रैच कार्ड भेजते हैं। जिसमें लिखा होता है कि आपने उच्च मूल्य जैसे कि कार, मोटरसाईकिल या इलेक्ट्रॉनिक्स आदि का इनाम जीता है। जालसाज द्वारा पत्र में आपको एक फोन नम्बर दिया होता है जिस पर कॉल करने के लिए कहा जाता है या एक नकली वेबसाइट पर निर्देशित किया जाता है। जालसाज आपको एक वेबसाइट पर भी आकर्षित कर सकते हैं जो ई-कॉमर्स वेबसाइट के समान दिखाई देती है या आपको एक नकली या मनगढ़ंत प्रमाण पत्र भेज सकते हैं। जालसाज खुद को कर्मचारी या संदर्भित ई-कॉमर्स कंपनी के सदस्य होने का दावा करते हैं और प्रमाण के रूप में नकली पहचान पत्र दिखा सकते हैं। जालसाज द्वारा व्यक्तिगत जानकारी और जमा शुल्क (कोरियर शुल्क, कर, सीमा शुल्क, शिपिंग) की मांग लाटरी के ईनाम की एक्सपायरी डेट का हवाला देकर की जाती है। इस राशि को नकद में या स्कैमर्स द्वारा नियंत्रित बैंक खातों में किए जाने की मांग की जाती है और जालसाज गलत तरीके से पैसे हड़प लेते हैं और बाद में उसी के साथ फरार हो जाते हैं।

#### हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं

अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का साइबर अपराध हो जाता है या आप किसी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं तो बिना किसी देरी के जल्द से जल्द इसकी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल**https://www.cybercrime.gov.in**, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930, डायल 112 व साइबर थाना रोहतक और नजदीकी पुलिस थाना/चौकी में सूचना दें।

#### ये बरतें सावधानी

- बैंक खातों, क्रेडिट कार्ड, फोन या ईमेल भेजने वाले को अपनी व्यक्तिगत/निजी जानकारी का खुलासा न करें क्योंकि इससे पहचान की चोरी हो सकती है।
- संदिग्ध ई-मेल का जवाब न दें या संदेहास्पद लिंक पर क्लिक ना करें क्योंकि वे मैलवेयर या वायरस हो सकता है। कभी भी जालसाज द्वारा भेजे गए ऑनलाइन फ्रॉर्म को न भरे।
- लॉटरी की राशि लेने के लिए कभी किसी को अग्रिम (एडवांस) शुल्क न दें। कोई आपसे अग्रिम शुल्क की मांग नहीं करेगा यदि आप मनी लॉटरी की राशि प्राप्त करते हैं।
- याद रखें यदि आपने लाटरी मे भाग नहीं लिया है तो आप कभी भी लॉटरी नहीं जीत सकते है।

### एफएसएल की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए

# मदीना गांव में मजदूर की पीट-पीटकर हत्या, एक दिन पहले मजदूरी करने गया था

- दूसरे दिन लहू-लुहान अवस्था में खेत से उठाकर घर पर लाए थे परिजन
- परिजनों ने खेत मालिक पर हत्या करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

मदीना गांव में एक मजदूर एक दिन पहले मजदूरी करने के लिए गांव के ही एक व्यक्ति के खेत में दिहाड़ी पर गया था। शाम को वह घर नहीं लौटा तो परिजन उसे ढूंढते हुए खेत में पहुंचे। वहां पर वह लहु लुहान अवस्था में पड़ा था। उसे घर पर लाया गया तो एक घंटे बाद उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही बहु अकबरपुर थाना प्रभारी नीरज कुमार और एफएसएल इंचार्ज डॉक्टर सरोज दहिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने वारदात स्थल व मृतक के घर पहुंचकर वहां से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि मदीना गिंधराण गांव निवासी 46 वर्षीय कर्मवीर पुत्र बक्शी कश्यप शनिवार को गांव के ही सतेवान पुत्र राम मेहर के खेत में मजदूरी करने के लिए गया था। वह शाम को घर नहीं पहुंचा, तो उसके छोटे भाई को चिंता हुई। वह अपने भाई को ढूंढते हुए रविवार सुबह 11 बजे सतेवान उर्फ सत्ते के खेत में पहुंचा। वहां पर उसने देखा कि उसके भाई कर्मवीर को ज्यादा चोटें लगी हुई हैं। इस संबंध में पुलिस ने सतेवान के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



**महम।** मृतक के शव के पास साक्ष्य जुटाते हुए एफएसएल इंचार्ज डॉक्टर सरोज दहिया व पुलिस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि



**महम।** मदीना गांव में ग्रामीणों से पूछताछ करते हुए पुलिस व एफएसएल अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### खेत मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया

मृतक के छोटे भाई जगबीर के बयान पर बहु अकबरपुर थाना पुलिस ने मदीना निवासी खेत मालिक सतेवान के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में मदीना गिंधराण गांव निवासी जगबीर पुत्र बक्शीराम ने बताया कि वह शादीशुदा है और बाल बच्चेदार है। वह बिजली मिस्त्री का काम करता है। वे तीन भाई हैं। सबसे बड़ा रामबीर है। वह सबसे छोटा है। उससे बड़ा व रामबीर से छोटा उसका भाई कर्मबीर था। जो अविवाहित था। वह रामबीर के पास रहता था। कर्मबीर ज्यादातर उनके गांव के सतेवान उर्फ सत्ते के पास दिहाड़ी मजदूरी करता था। 5 अप्रैल को भी वह उसको दिहाड़ी पर अपने खेत में लेकर गया था। कर्मवीर सुबह 8 या 9 बजे के आस पास उसके पास घर से गया था। दिन में 11 बजे उसके पास सतेवान का फोन आया कि वह उसके पास है।

#### रविवार को घायल होने की सूचना मिली

रविवार 6 अप्रैल को सुबह 8-9 बजे के आस पास सतेवान के बेटे राजेश का उसके पास फोन आया। उसने बताया कि उसके भाई को चोट लग गई है। उसने सोचा कि थोड़ी बहुत चोट लग गई होगी। लेकिन काफी देर तक भी उसका भाई घर नहीं आया। वह उसके भाई रामबीर की मोटर साइकिल लेकर सतेवान के खेत में कोठड़े पर गया। वहां पर उसका भाई कर्मवीर कोठड़े के बरामदे में लहु लुहान अवस्था में पड़ा था। उसके भाई की दोनों टांगें तोड़ रखी थी। उसने कर्मवीर से पूछा तो उसने बताया कि सतेवान ने उसको चोटें मारी हैं।

#### रंजिश में वारदात

कर्मवीर ने उससे पानी मांगा, तो उसने उसको पानी पिलाया। उसके भाई की शर्ट और परणा पास में पड़े हुए थे। उसके भाई की चप्पल वहां पर नहीं थी। दोनों पैर टूटे होने की वजह से उसका भाई चल नहीं पा रहा था। फिर वे दोनों भाई उसको बाइक के बीच बैठाकर गांव में ले आए। उसको गांव में उनके मकान के पास बनी धर्मशाला में लेटा दिया गया। वह मैडिकल स्टोर से डॉक्टर को बुलाने चला गया। वापस आया तो डॉक्टर ने बताया कि उसके भाई की तो मौत हो चुकी है। जगबीर ने पुलिस को बताया कि उसके भाई की हत्या सतेवान ने रंजिश रखते हुए की है। उसके खिलाफ केस दर्ज किया जाए। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए तलाश शुरू कर दी है।

### राम नवमी पर कंजक पूजन



**रोहतक।** राम नवमी पर घरों और मंदिरों में दिनभर कीर्तन और माता के जयकारे लगते रहे। कंजकों की पूजाकर आशीर्वाद लिया गया। कंजकों को भोग लगाकर गिफ्ट देकर विदा किया गया। कंजकों को लंच बॉक्स, ज्योमेट्री बॉक्स व वाटर बोतले उपहार स्वरूप दिए गए।



### शुगर मिल कॉलोनी में लकड़ियों में लगी आग, पांच दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू

**रोहतक।** सुनारियां चौक के पास स्थित शुगर मिल कॉलोनी में रविवार शाम को आग लग गई। आग बुझाने के लिए मौके पर दमकल की पांच गाड़ियां पहुंची। जिन्होंने आग पर काबू पाया। इस दौरान मामले की जानकारी मिलते ही पार्षद प्रवीण कौशिक भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लोगों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। कॉलोनी निवासियों ने बताया कि सुरजभान सैनी की लकड़ियां और कर्मबीर का सामान जल गया। गनीमत यह रही कि लकड़ियों के पास फसल आग की भेंट चढ़ने से बच गई। इस मौके पर फूलकुमार डबास, कुकू प्रधान, ललित भारद्वाज, देवेंद्र वर्मा, सोनू दहिया आदि मौजूद रहे।



### अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें: डॉ. संजय गुप्ता

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय वाईआरसी कैंप के चौथे दिन का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि स्वयं सेवकों को अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करना चाहिए। उप प्राचार्य डॉक्टर फूल सिंह यादव मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही विद्यार्थियों को अपने निवास स्थान के आसपास एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित भी किया। डॉ विनीत बाला वाईआरसी काउंसलर ने बताया कि रविवार को विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपने अपने विचारों को कागज पर उकेरा। निबंध लेखन का विषय'मीडिया, युवा और आर्थिक विकास रहा।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

कन्हेली रोड पुल पर रविवार को हुए हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। राहगीरों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। किशोर की मौत से परिजन सदमे में हैं। जानकारी के मुताबिक गौड कॉलेज के पास रहने वाला जय अपनी बाइक पर कन्हेली पुल के ऊपर से गुजर रहा था। इस दौरान उसके साथ हादसा हो गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पीजीआई पुलिस ने मौके पर आकर जांच पड़ताल की। देर रात तक इस बात की जांच की जा रही थी कि हादसा कैसे हुआ है। वहीं पुलिस ने बताया कि परिजनों के ब्यान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



**सुविधा** पीजीआई का हड्डी रोग विभाग अत्याधुनिक उपकरण से लैस

# दिल्ली के मरीज अब पीजीआई में आकर करवाते हैं इलाज: डॉ. आशीष देवगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पीजीआई के चिकित्सकों पर हरियाणा ही नहीं दिल्ली के लोग भी भरोसे जता रहे हैं। एक समय था जब लोग आधुनिक तकनीक से इलाज करवाने के लिए छोटे शहरों से दिल्ली की तरफ जाते थे लेकिन अब हरियाणा सरकार व कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसके सिंघल व विभागाध्यक्ष डॉ. रूप सिंह द्वारा हड्डी रोग के इलाज में उपयोग होने वाली सभी अत्याधुनिक उपकरण पीजीआईएमएस में उपलब्ध करवा दिए गए हैं। दिल्ली व अन्य राज्यों के कई मरीज वहां इलाज ना करवा के पीजीआईएमएस में अपने इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। यह कहना है पीजीआईएमएस के हड्डी रोग विभाग के यूनिट दो के अध्यक्ष डॉ. आशीष देवगन का। वें पीजीआई के एलटी वन में आयोजित दो दिवसीय पीजी कोर्स में हिस्सा ले रहे थे।

डॉ. आशीष देवगन ने बताया कि संस्थान में खिलाड़ियों को उनकी चोट के इलाज के लिए बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। ऑपरेशन या फिजियोथेरेपी के माध्यम से उन्हें ठीक करके उनकी खेलों में वापसी करवाई जा रही है, जोकि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि संस्थान में लिगामेंट, छल्ले टूटना या कंधे इत्यादि की चोट से पीड़ित खिलाडी संस्थान में ज्यादा आ रहे हैं।

डॉ. देवगन ने बताया कि गत दिवस तीन खिलाड़ियों को लगी चोट का एक्सरे, एमआरआई की रिपोर्ट पर विशेषज्ञों के साथ करीब ढाई घंटे तक मंथन किया गया था। उन्होंने बताया कि अब उन मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा।

#### अत्याधुनिक फिजियोथैरेपी की सुविधाएं



डॉ. देवगन ने कहा कि कई बार तो कई प्राइवेट अस्पताल में ठीक नहीं होने पर भी मरीज संस्थान में इलाज कराने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान में सभी अत्याधुनिक फिजियोथैरेपी की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जिससे खिलाड़ी को जल्दी रिकवरी मिलती है। फिजियोथेरेपी के माध्यम से मरीज को कई बार बिना ऑपरेशन भी ठीक किया जा सकता है। डॉ. देवगन ने कहा कि हम लंबे समय तक बैठे रहते हैं तो हमें हर 2 घंटे बाद 15 मिनट के लिए स्ट्रेचिंग और कमर की मांसपेशियों को मजबूत रखने के लिए एक्सरसाइज जरूरी है।

### हादसों में घायल लोगों की जान बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने की पहल

# स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्रों पर भी अब मिलेगी ट्रॉमा की सुविधा, 28 लाख का बजट पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सड़क हादसों में घायल लोगों की जान बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने योजना तैयार की है। इसके तहत जिले के पांच सामुदायिक केंद्रों पर अब ट्रॉमा सेंटर जैसी सुविधा मरिजों को उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए सरकार की तरफ से 28 लाख रुपये का बजट तक पास हो चुका है। ऐसे में शहर के ज्यादातर एरिया में एक्सीडेंट होने पर मरीज के पीजीआई पहुंचने तक उनकी मृत्यु तक हो जाती थी। अब आसपास में इस तरह की घटना होती है तो मरीज को बचाने के लिए सीएचसी सेंटरों में भी अब यह सुविधा प्रदान की जाएगी। जल्द ही इसकी सुविधा शुरू होने वाली है। इसको लेकर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को इससे पास में ही इलाज की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। ट्रामा सेंटरों में इलाज के साथ ऑपरेशन जैसी सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। सिविल अस्पताल को 200 बेड में अपग्रेड करने का काम पहले से ही चल रहा है। अब दूसरे अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। हाइवे पर सड़क हादसे होते है, जिनमें घायलों को पीजीआई तक लाने में कई बार घायलों की मौत भी हो जाती है।

#### टेस्ट के लिए लगेगी आधुनिक लैब

इन ट्रामा सेंटर के अंदर अत्याधुनिक मशीन भी लगाई जाएंगी। साथ ही टेस्ट की सुविधा भी दी जाएगी, ताकि लोगों को टेस्ट करवाने के लिए प्राइवेट लैब का सहारा न लेना पड़े। ब्लड स्टोरेज की सुविधा भी अस्पतालों में दी जाएगी, ताकि खून की जरूरत पड़ने पर किसी को इधर उधर भागना न पड़े।

#### इन सीएचसी सेंटरों में शुरू होगी सुविधा

स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र चिड़ी, काहनौर, किलाई, महम व सांपला के अंदर यह सुविधा शुरू की जाएगी। ताकि जिले के एरिया को आसानी से कवर किया जा सकें। मरीज को कहीं और रेफर करने की सुविधा भी आसानी से मिल सके। अगर ज्यादा ही क्रिटीकल केस में किसी मरीज को रेफर करना पड़े तो उसको सीएचसी ट्रामा सेंटर में शुरूआती इलाज मिल सकेगा। ऐसे में मरीज के खतरे से बाहर रहने की पूरी आशंका बनी रहती है।

### घायलों की मदद करने पर मिलेंगे 5 हजार



**रोहतक।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा गुड सेमेरिटन योजना के तहत ऐसे व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने किसी घातक सड़क दुर्घटना के पीड़ित की जान बचाने के लिए तुरंत सहायता प्रदान की हो। इस योजना के तहत, पीड़ित को गोल्डन ऑवर के भीतर अस्पताल या ट्रॉमा केयर सेंटर पहुंचाने वाले व्यक्ति को 5 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाता है। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों की मदद करने के लिए प्रेरित करना है। इसके तहत, यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना की सूचना पुलिस को देता है पीड़ित को अस्पताल पहुंचाता है।



## हांसी की स्थापना

हांसी, हरियाणा राज्य का एक प्राचीन और ऐतिहासिक शहर है। ऐसा माना जाता है कि हांसी की स्थापना राजा अनंगपाल विहंगपाल तोमर ने अपने गुरु ' हंसकर ' (957 ई.) के लिए की थी। बाद में, राजा अनंगपाल तोमर के पुत्र द्रुपद ने इस किले में तलवार बनाने का कारखाना स्थापित किया, इसलिए इसे ' असीगढ़ ' भी कहा जाता है। इस किले से तलवारें अरब देशों तक निर्यात की जाती थीं। हांसी में स्थित असीगढ़ का किला पृथ्वीराज चौहान ने 12वीं सदी में बनवाया था।

# सभ्य समाज के लिए आवश्यक हैं मर्यादाएं

संस्कार

दिनेश शर्मा 'दिनेश'





किसी भी देश अथवा प्रदेश की बात हो पर जहां समाज और सामाजिकता की बात आती है वहां मर्यादाएं स्वतः स्थापित हो जाती हैं। समाज के कर्णधारों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि उक्त समाज किन-किन नियमों का अनुकरण करते हुए आगे बढ़ेगा। यह नियम अथवा मर्यादाएं ज्यादातर आचरण, वेशभूषा या भाषा जैसे सन्दर्भों को लेकर होती हैं।

जब मर्यादाएं टूटती हैं या फिर तोड़े जाने की कोशिश होती है तो उसके विपरीत स्वर उठते हैं। किन्तु कई बार हम कुछ बातों को लेकर अधिक उदार हो जाते हैं तथा इन्हें बदलते समय की आवश्यता मान कर चुप्पी साध लेते हैं, जिसका परिणाम भयंकर होता है। तब स्थितियां इतनी विस्फोटक हो जाती हैं कि हम चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते। विगत कुछ दशकों में सम्पूर्ण भारत में आचरण और भाषा को लेकर जो सामाजिक पतन हुआ है, उससे हम सभी परिचित हैं। ऐसे में हरियाणा का इससे अछूता रह पाना असंभव था। जिस समाज में गाँव की बेटी पूरे गाँव की इज्जत मानी जाती थी और सारे गाँववासी उसे अपनी बहन या बेटी मानते थे, उसी समाज में आज गाँव की तो छोड़िए समान जाति और गोत्र में युवा विवाह कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत गीता की वर्ण-शंकर की अवधारणा तो सच हो ही रही है अपितु इस विषय में आधुनिक काल के वैज्ञानिकों के द्वारा स्थापित तर्क भी गौण होकर रह गये हैं। इस समस्या का हल हम खोज भी नहीं सके कि एक दूसरी भयानक समस्या हमारे समाज के सामने मुंह उठाए खड़ी है और हम सब अपने-अपने आनंद में डूबे हैं। इस अघोषित प्रलय जिसके सम्बन्ध में हम सभी बेखबर न होकर भी आँखें बंद किये हैं। आप विश्वास कीजिए हमारी लापरवाही समाज में भाषा के सौन्दर्य के साथ-साथ संस्कारों को भी बहा ले जाएगी। मीडिया के विभिन्न माध्यमों से आम बोल-चाल में शामिल हो गए उपलब्ध सामग्री से संवाद अब सामान्य बातचीत के दौरान हो रही गाली-गलौच और मार-पीट का हिस्सा हो गये हैं तो वहीं आजकल प्रचलित गीत ऐसी स्थिति में पार्श्व संगीत का कार्य करते हैं। तभी वर्ष 2015 में शादियों में बढ़ती हर्ष फायरिंग के बाद से डीजे के गानों को लेकर सर्व खाप पंचायत रोहतक, झज्जर और सोनीपत ने इस पर आपत्ति उठाई थी। हमारा भारतीय समाज श्रेष्ठ साहित्य और संदेशों से बहुत दूर हो गया है।

हम भूल गए हैं कि शब्दों का अपना प्रभाव होता है। शब्द 'ब्रह्म' की मान्यता दुनिया के सम्मुख स्थापित करने वाले देश के लोग ही शब्द की मर्यादा भूल गए हैं। हमारे समाज का कोई भी अंग शब्दों के प्रति संवेदनशील नहीं है। इस विषय पर आप गंभीरता से नहीं अपितु सामान्य रूप से भी विचार करेंगे तो स्थितियां भयावह प्रतीत होंगी। राजनीतिक, साहित्यिक, कला आदि हर क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे शब्द किसी भी सहृदय व्यक्ति के हृदय को लहूलुहान करने का सामर्थ्य रखते हैं। देश की दिशा तय करने का दंभ भरने वाले राजनेताओं द्वारा समूचे राष्ट्र के विभिन्न सदनों में प्रयोग होने वाली भाषा के स्तर से देश का हर नागरिक परिचित है। यही लोग जब मीडिया के माध्यम से जन सामान्य से रूबरू होते हैं तो फिर सोने पर सुहागा जैसी स्थितियां हो जाती हैं। इसके ऊपर किसी भी प्रकार की अतिरिक्त टिप्पणी की आवश्यता यहां दिखाई नहीं देती। इसी प्रकार संचार क्रांति के चलते लगभग पूरे देश में देखे जा रहे सभी ओटीटी प्लेटफार्म्स ने इसी प्रदूषित नदी के प्रवाह को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

ओटीटी, ऐसे प्लेटफॉर्म हैं, जहां सिनेमा का एक अलग लेवल देखने को मिलता है। जहां सिनेमाघरों में मूवी को सेंसर बोर्ड पास कर अश्लील दृश्यों पर कैंची चलाता है, वहीं ओटीटी पर प्रस्तुत की जाने वाली वेबसीरीज में गाली-गलौच, द्विअर्थी संवाद और नग्नता ही इनकी खूबसूरती मानी जाती है। अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए

**अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल, वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है।**

नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है। सोशल मीडिया में चाहे यूट्यूब हो, फेसबुक हो, इंस्टाग्राम हो या इसी श्रेणी का कोई अन्य प्लेटफार्म हो; सभी की स्थिति एक जैसी है। कुछ समय पहले यह कहने वाले लोग कि फिल्मी कलाकार अथवा छोटे परदे के कलाकार इस प्रकार की द्विअर्थी शब्दावली का प्रयोग करते हैं कि आप परिवार के साथ बैठकर उनके कार्यक्रम नहीं देख सकते, आज स्वयं वैसा ही कंटेंट तैयार करते हैं। अंतर केवल इतना ही है कि टीवी चैनलों के लोग टीआरपी के लिए वैसा करते रहे हैं और ये लोग वायरल होने के लिए। आप ही बताइए क्या सोशल मीडिया के माध्यमों द्वारा तथाकथित कलाकारों यानि कंटेंट क्रिएटर द्वारा परोसी जा रही सामग्री बच्चों के साथ बैठकर देखने लायक है? हाँ, ये लोग जो खुद को सामाजिक जिम्मेदार बताते हैं, ऐसा दिखाने के लिए 'यूज इयर फोन...' लिखना नहीं भूलते। कल तक समाज की ठेकेदारी का जिम्मा लेने वाले अधेड़ उम्र के अनेक लोग यहाँ अपने बेटे, बेटी और बहुओं के साथ पूरी तन्मयता से इस प्रकार की सामग्री तैयार करने में संलग्न नज़र आते हैं। आखिर ऐसा करने से माता लक्ष्मी की कृपा जो होती है। ऐसे लोग ढूँढने के लिए आपको भारत घूमने की आवश्यता नहीं है बल्कि यह हरियाणा में भी आपके आसपास ही सरलता से प्राप्य हैं। पिछले दिनों पूरे देश में चर्चा का विषय बने उस यूट्यूब कार्यक्रम और उसके कलाकारों के नाम भी आप भूले नहीं होंगे जिसमें माता-पिता के संबंधों पर बच्चों से प्रश्न किए जा रहे थे। इन्हीं सब प्लेटफार्म्स पर युवाओं को गुमराह करने वाले द्विअर्थी शब्दों, गाली-गलौच, मार-धाड़ (गन कल्चर), शराब को



लाभप्रद और उत्साहवर्धक पेय दर्शाने वाले गीत, फिल्म और रील आदि की भरमार है। इन सभी प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध कंटेंट ने जहां भाषा की मर्यादा को समाप्त किया है वहीं ओटीटी प्लेटफार्म्स की अश्लील सामग्री परोसने की आदत का सहयोग भी किया है। शब्दों के अमर्यादित प्रयोग की यह कहानी यहीं समाप्त नहीं होती। कुछ और तत्त्व भी इस आग में घी डालने का कार्य करते हैं, जिनमें प्रमुख हैं कवि सम्मलेन और कॉमेडी शो जैसे आयोजन। कुछ समय पहले एक विश्वश्विद्यालय के कुलपति ने कवि सम्मलेन कराने से स्पष्ट मना कर दिया। उन्होंने बताया कि हमने कई वर्ष पहले ऐसा कार्यक्रम करवाया था। उसमें तीन-चार कवि-कवयित्रियों ने मंच से अपनी अभद्र भाषा और द्विअर्थी संवादों से जो गन्दगी फैलाई, उसके बाद हमने भविष्य में कवि सम्मलेन न कराने का निर्णय ले लिया।

इसी तरह का कार्य हास्य के नाम पर अनेक कार्यक्रमों में हास्य-कलाकारों द्वारा किया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में जब कभी राजनीतिक लोग इस बारे में कुछ कदम उठाने का प्रयास करते हैं तो वहां भाई-भतीजावाद और जाति-सम्प्रदाय जैसी सामाजिक बीमारियाँ उठ खड़ी होती हैं। इसका ताजा उदाहरण फिर हरियाणा से हमारे बीच में आया है, जब सरकार इस प्रकार के कंटेंट को सोशल मीडिया से हटाना चाहती है। सरकार की तरफ से इस सम्बन्ध में कानून बनाने की बात भी कही जा रही है। लेकिन आवश्यकता है कि कार्य साफ नियति से पूरा किया जाए। इस समस्या के सन्दर्भ में अधिक विस्तार में जाने की अपेक्षा समाधान की दिशा में सकारात्मक चिंतन रखते हुए विचार करना अपेक्षित है। अनेक राजनेता, फिल्में, ओटीटी वेब सीरीज, सोशल मीडिया मंच अच्छा कार्य कर रहे हैं। कई नेता और साहित्यकार भी अपने मानक व्यवहार और भाषा के लिए स्मरण किए जाते हैं। इस संक्रमण से स्वयं और समाज को बचाने का प्रयास करना होगा, तभी इस समस्या का निराकरण संभव है; अन्यथा अभद्र भाषा, अश्लील चलचित्र, शराब और बन्दूक पर आधारित गीत सुनाकर अपने बच्चों से संस्कारी होने की अपेक्षा न रखने का अधिकार हम खो देंगे।

---

कविता | इन्द्र सिंह लाम्बा



### जगत में बड़ा बताया प्यार

हे जी, हे जी, जगत में बड़ा बताया प्यार।
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

श्री रामचंद्र और हनुमान में कितना गहरा प्यार था।
शक्ति बाण लगया लक्ष्मण क होया बड़ा लाचार था।
बूटी लाएं हनुमान जी करया बड़ा उपकार था।
कृष्ण और सुदामा जी की बचपन में हुई थी यारी ।
कृष्ण तो महाराजा था सुदामा कै था टोटा भारी ।
जब गया सुदामा कृष्ण धौरे दूर कर दी ब्याधा सारी ।
उन दोनों के प्यार नैं आज जाणै सै संसार।

भामाशाह और महाराणा ने प्यार से करया था काम।
प्यार के कारण भामाशाह ने बहोत से दिए थे दाम ।
इसी ही वजह से उनका दुनिया में होया स नाम।
नर से बाज पठान और अमर सिंह जो था राठौड़।
पठान पड़ा था घायल प्यास लागरी थी दम तोड़।
पाणी प्या दिया अमरसिंह नै प्यार बिना भला के थी लोड।
फेर पगड़ी बदले यार बणे करे पक्के कोल करार।

.प्यार बिना हो इसी जिंदगी जैसे सुर बिन होता गीत।
प्यार करो और प्यारा बोलो हो ज्यागी थारी जग में जीत।
प्यार से जीवन सफल बणै वेदों म बतलाइ रीत।
प्यार करो सच्चे दिल त आपस की फूट रह कोन्या
सत्यमेव जयते कती भी झूठ रह कोन्या ।
ब्लैकमेल,बेईमानी,ठग्गी फेर या लूट रहै कोन्या ।
सतगुरु की कृपा से करता इंदर सिंह प्रचार।

जगत में बड़ा बताया प्यार।
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

---

रागनी | भूपसिंह भारती



### एक रात सुपने म्ह

एक रात सुपने म्ह मेरै बाबा साहेब आये।
जीवन म्ह आग्गै बढ़णे के, रस्ते तीन बताये।। टेक।

सुपने के म्ह भीमराव नै, आकै बात बताई।
बेशक भूखे रह जाणा, पर छोड़ो नहीं पढ़ाई,
सुपने म्ह तै उठके भाई, मैं देखूं दाये बांये।1।

दूजा रस्ता भीमराव ने, एक्का का बतलाया,
घर की फूट बुरी हो सै, न्यू बहुजन को समझाया,
हक सारा म्हारा खाया, और जोर जुल्म भी ढाये।2।

सारे कट्ठे होकै भाई, अपणे हक नै पाओ,
लड़ो मरो संघर्ष करो, ना मन म्ह घबराओ,
खुद नै शेर बणाओ, बलि बकरे की दी जाये।3।

छोड़ो सभ पाखंड को, ये अपणी रीत नहीं,
चाल बुद्ध की राह बावळे, फेर हो जीत सही,
देख भारती बात यही, सुपने म्ह भीम समझाये।4।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

रोचक | अंग्रेजों ने भारत में नमक की तस्करी रोकने के लिए एक लंबी सीमा शुल्क बाधा बनाई थी, जिसे 'भारतीय ग्रेट हैज' के नाम से जाना गया


# देश में सर्वाधिक लम्बाई की रही कंटीली बाड़



इतिहास | यशपाल गुलिया

आपने 'ग्रेट वाल ऑफ चाइना' के बारे मे तो सुना व पढ़ा होगा लेकिन 'भारतीय ग्रेट हैज' के बारे में शायद ही कभी सुना होगा। यह अंग्रेज प्रशासन द्वारा निर्मित ऐसा क्रियाकलाप था जो न केवल भारतीय प्रजा का शोषण करता था बल्कि प्रत्येक वस्तु पर कर लगाने का भी प्रमाण है।

वर्तमान काल में सबसे सस्ती जीन्स नमक को माना जाता है। अंग्रेजों ने नमक पर कर लगाने के भी ऐसे उपाय किए थे कि प्रजा पर अनावश्यक आर्थिक तानाशाही डाली हुई थी। नमक का मूल्य एवं कर इतना बढ़ा दिया था कि उस आवश्यक जीन्स के लिए लोगों को ब्लैक करना पड़ गया। खाद्यानों के ब्लैक को रोकने के लिए तथा प्रजा से क्रूरतापूर्वक टैक्स वसूली के लिए अंग्रेजों ने एक विशाल विभाग ही बना रखा था जिसको कस्टम विभाग कहा जाता था। इसको लेकर उन्होंने मुल्तान से तोरबेला, सतलुज क्षेत्र, फाजिल्का, हिसार, महम, कलानौर, बेरी, झज्जर बादली, हथीन, मथुरा, आगरा होते हुए एक मार्ग ही स्थापित कर दिया था। उसी मार्ग को कस्टम लाइन कहा जाता था ताकि लोग कोई भी कर योग्य जीन्स इधर-से-उधर न ले जा सके। क्योंकि भारी टैक्स से बचने के लिए लोग अपने सिर पर व पशुओं पर लाद कर ब्लैक भी करने लग गए थे। फिर अंग्रेजों ने क्रूरता का शिकंजा कसते हुए पैदल समान ले जाने वाले व्यक्तियों को भी बन्दी बनाना आरम्भ कर दिया। यही नहीं, कस्टम लाइन को मथुरा, आगरा से भी बढ़ाकर झांसी, सागर, खण्डवा तक पहुंचा दिया। ब्लैक पर नियन्त्रण के लिए प्रत्येक मील की दूरी पर चौकी निर्मित करके चौकीदार नियुक्त कर दिए। कुछ मील की दूरी पर बीट स्थापित कर दी गई। जैसे हरियाणा के क्षेत्र में हिसार के बाद महम, कलानौर, बेरी, बादली व चन्दू बीट आदि इस प्रकार के चार चैबन्द प्रबन्ध विभाग में तब वर्ष 1854 में 6600 व्यक्तियों का स्टाफ था।




**कस्टम मार्ग मुल्तान से बुरहान तक का चित्र, जिसके दोनों तरफ अंग्रेजों ने नागफन के पौधे रोप डाले थे।**



**अंग्रेजों द्वारा स्थापित कस्टम लाइन पर बनी चौकी के अवशेष।**

अंग्रेजों का विशेष अंकुश नमक के ब्लैक पर रहता था। क्योंकि यहां सिलान, जहीदपुर, सुल्तानपुर, साढराणा व मेवात के सलम्भा आदि में नमक बनाया जाता था। इसके अतिरिक्त राजस्थान के जैपुर, जौधपुर व बिकानेर राज्यों के आंशिक क्षेत्रों में भी नमक निकाला जाता था। अंग्रेजों ने विशेषकर नमक के ब्लैक को रोकने के लिए बनाए गए कस्टम मार्ग के दोनों तरफ नागफन के पौधे रोप डाले थे। उस कांटेदार मार्ग एवं बाड़ को ही ग्रेट हैज ऑफ इंडिया कहा गया है जिसकी लम्बाई 2504 मील थी। वर्ष 1823 से विभिन्न कस्टम कमिश्न, जॉर्ज सान्डर्स, समिथ, बैटन, हाल्से व ए.वो. हयुम आदि को नियुक्त किया गया था। बता दें कि ए.वो. हयुम ने 1885 में भारतीय कांग्रेस पार्टी बनाई थी। वह कस्टम कमिश्नर वर्ष 1867 से 1870 तक रहे तथा उस अवधि में उन्होंने राजपुताना शासकों से नमक टैक्स बारे एक समझौता भी किया था। अन्ततः उस शोषणयुक्त मार्ग व कंटीली बाड़ तथा विभाग को वर्ष 1879 से अंग्रेजों ने स्वतः ही बन्द कर दिया।

उस ऐतिहासिक मार्ग पर अंग्रेजों ने बंगले भी बना डाले थे जिनके अवशेष महम, बेरी व बादली में देखे गए। इस प्रकार चीन की दीवार की तरह उस कांटेदार मार्ग की लम्बाई अद्वितिय होने के कारण एक अंग्रेज राय मोक्सहम ने इस बारे रोचक पुस्तक ही लिख डाली है, जिससे सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।

---

# सांस्कृतिक क्षेत्र में कला का अहम योगदान : चेतना सारसर

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति के संवर्धन के लिए समाज को सजग करने की दिशा में साहित्यकारों, लेखकों, लोक कलाकारों और गीतकारों जैसी शख्सियतों ने जिस रूप में अपना अहम योगदान दिया है, उससे हरियाणा की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी है। इसी कड़ी में ग्रामीण परिवेश से निकलकर फिल्म जगत में एक अभिनेत्री के रूप में पहचान बनाकर हरियाणा की बेटी चेतना सारसर अपनी अभिनय कला के जुनून को अंजाम दे रही है। वह केवल एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि कविताएं और कहानियां तथा फिल्मों की पटकथा लिखकर समाज को सकारात्मक संदेश भी दे रही हैं। हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर ने कुछ ऐसे पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें कला का सकारात्मक पक्ष सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे सकता है और इसी सोच, लगन और मेहनत के बल पर हर इंसान के लिए अपने लक्ष्य को हासिल करना भी संभव है।

हरियाणा की प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर का जन्म 25 अक्टूबर 1999 को झज्जर जिले के तलाव गांव में रोहतास और सुमन लता के घर में हुआ। ग्रामीण परिवेश में लड़कियों के लिए परिवारिक माहौल अलग ही होता है, इनके पिता दुकानदार हैं, जो सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। परिवार में आर्थिक तंगी के कारण चेतना के माता-पिता खुद ज्यादा






पढ़ाई नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी चेतना को पढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। चेतना की प्रारंभिक शिक्षा झज्जर के एक सरकारी स्कूल में हुई। उन्होंने छठी कक्षा से ही खेलों खासकर ताइक्वांडो में रुचि लेना शुरू किया और बाद में वह राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो खिलाड़ी बनकर उभरी। उस समय वह अपने करियर में पुलिस अधिकारी या कोच बनने का सपना देखती थी।

उन्होंने झज्जर के ही सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। बकौल चेतना, सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों यानी अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ सामाजिक चेतना जगाने के लिए कुछ कलाकार गांव में आकर नुक्कड़ नाटक करते थे, तो उनकी एक्टिंग को देखकर उसने भी अभिनय के क्षेत्र में जाने का सपना संजोया। गांव में नाटक मंडलियों के कार्यक्रमों से उनकी अभिनय जैसी कला के प्रति अभिरुचि इतनी गहराती गई कि उसने एक अभिनेत्री बनने का लक्ष्य तय करके जो सपना देखा था, वह आज अभिभूत होता दिख रहा है और वह एक अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाती जा रही है।

हालांकि उनके परिवार या सगे संबंधियों में दूर तक भी कोई कला या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। चेतना ने स्नातक की शिक्षा के बाद जब एक्टिंग का कोर्स करने के लिए एक्टिंग इंस्टीट्यूट में दाखिला लेने की इच्छा जताई, तो उनके माता-पिता ने उसका हौसला बढ़ाया। परिवार से मिले प्रोत्साहन के बाद उसने साल 2017 में रोहतक स्थित पंडित लखमी चंद सुपवा में प्रवेश ले लिया। उसे स्कूली समय से ही टीवी सीरियल्स देखना बहुत पसंद रहा और जब भी वह कोई अच्छा सीन देखतीं, तो बाद में आईने के सामने खड़े होकर उसी किरदार निभाने की कोशिश करती रही।

सुपवा में उनके अभिनय करियर की शुरुआत हुई। हालांकि उनका कहना है कि उसने एक्टिंग कोर्स के लिए सुपवा में प्रवेश लिया था, लेकिन कुछ कारणों से उन्हें कोर्स बदलकर एडिटिंग में प्रवेश लेना पड़ा। लेकिन उन्होंने मन में ठान लिया था कि वह अभिनय की कला को कतई नहीं छोड़ेंगी। खास बात ये भी है कि चेतना स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स में लगातार अभिनय करती रहीं, जिससे उन्हें इंडस्ट्री में बाहरी प्रोजेक्ट्स में भी काम करने के मौके मिलने लगे। चेतना का कहना है कि वह अब पूरी तरह अपने अभिनय करियर पर फोकस कर रही है

### यहां से मिली मंजिल

अभिनेत्री चेतना सारसर ने सुपवा में प्रवेश के दौरान ही फिल्म स्कूल के स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स, शॉर्ट फिल्मों और गानों में काम करना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे उसने अपने अभिनय कौशल को निखारा। उसे हरियाणा के चर्चित मिर्चपुर कांड पर आधारित राजेश अमरलाल बब्बर निर्देशित वेब सीरीज 'कांड 2010' में अभिनय करने का मौका मिला, जिसमें उसने दलित युवती रीता का किरदार निभाया। यहीं से चेतना को एक अभिनेत्री के रूप में ऐसी पहचान मिली कि पिछले दिनों मुंबई में आयोजित 5वें बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अभिनेता मनोज जोशी और सीमा पाहवा के हाथों बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। चेतना ने मेवात वेब सीरीज के कई एपिसोड में अभिनय करके अपनी कला का लोहा मनवाया है। उन्होंने वेबसीरीज अखाडा, क्राइम पेट्रोल में भी प्रमुख किरदार निभाया है।

# प्रवचन के माध्यम से मनुष्य के उत्तम जीवन के प्रमुख उद्देश्य बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

■ मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन

आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानन्दमठ रोहतक में मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ सुबह 9 बजे यज्ञ द्वारा किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य संतराम रहे। इसके बाद श्रीकृष्ण आर्य, ग्राम भाली (रोहतक), माता कृष्णा आर्या, ग्राम बालंद (रोहतक) एवं रवीन्द्र शास्त्री ने अपने विचार प्रस्तुत किए। बहन दया आर्या एवं आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के भजनोपदेशक सत्यपाल मधुर द्वारा भजनों के माध्यम से देश-भक्ति, भारत देश की वर्तमान दुर्दशा तथा ऋषिवर देवदयानंद द्वारा समाज के लिए किए गए उपकार आदि के बारे में सुंदर संदेश दिया। मंच संचालन सुभाष सांगवान प्रधान वेदप्रचार मंडल ने किया। उन्होंने बताया कि आज के वैदिक सत्संग में श्री रामनवमी के पावन अवसर पर अपने महापुरुषों को याद करना चाहिए, जिनसे हमें प्रेरणा मिलती है। मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान आचार्य वेदमित्र रहे। उन्होंने बहुत ही सुंदर एवं सरल शब्दों में प्रवचन के माध्यम से मनुष्य के उत्तम जीवन के प्रमुख उद्देश्य पर विचार रखे। उन्होंने सर्वप्रथम वेदमंत्र का उच्चारण किया।

आचार्य ने बताया कि आज रामनवमी है और इस रामनवमी के पावन अवसर पर हम अयोध्यापति श्री रामचन्द्र को याद करते हैं, जो मर्यादा पुरुषोत्तम थे। उन्होंने कभी भी मर्यादा नहीं तोड़ी। सदैव मर्यादा में ही रहकर कार्य किया। जिस प्रकार श्री रामचंद्र ने अपने अयोध्या को सजाकर रखा था, उसी प्रकार हमें भी अपने शरीर के अयोध्या नगरी को सजाकर रखना चाहिए। इस बारे विस्तृत चर्चा की।




रोहतक। दयानन्द मठ में मासिक वैदिक सत्संग में प्रवचन देते मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान आचार्य वेदमित्र व प्रवचन सुनते आर्यसमाजी। फोटो : हरिभूमि

## अच्छे कर्म करने चाहिए

आचार्य वेदमित्र ने बताया कि हम सबका सौभाग्य है कि हम आर्यावर्त देश में जन्म लिये हैं और जन्म के बाद महर्षि दयानन्द सरस्वती का आशीर्वाद भी हम लोगों को प्राप्त हुआ है। उन्होंने महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा निर्धारित प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा पद्धति, दिनचर्या, उद्देश्य तथा उनके लाभ के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। आचार्य ने सभी आर्यजनों को स्वाध्याय एवं सत्संग से जोड़ने का भी प्रयास किया और कहा कि हम आर्यों को पुरुषार्थ एवं शुभकर्म करते हुए तथा अच्छे लोगों के संसर्ग में आकर अपने जीवन को बदलना चाहिए। हमें अच्छे कर्म करने चाहिए, जिससे हमारा उत्तरोत्तर उन्नति हो, तभी हम दूसरों को भी आर्य बना सकेंगे। शांतिपाठ के बाद ऋषिलंगर का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर आचार्य संतराम, हवासिंह राठी, रामकिशन बाल्याण रिटायर्ड तहसीलदार, बलराज खुराना सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राज्य प्रधान बने गंगाराम मौन

**रोहतक।** गर्व. पीडब्लयूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन का 16वां प्रांतीय त्रिवार्षिक सम्मेलन 8-9 मार्च को नन्दल धर्मशाला में आगामी 3 वर्ष के लिए राज्य कमेटी के 5 पदों पर चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें राज्य प्रधान गंगाराम मौन, महासचिव जरनैल सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल हुड्डा, मुख्य संगठन सचिव योगेश शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान अजय कुमार को चुना गया। वहीं बुधवार को राज्य प्रधान की अध्यक्षता में राज्य कमेटी का भी गठन किया गया है।

### स्कूलों में रेडीनेश कार्यक्रम शुरू

**रोहतक।** स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया। शिक्षा विभाग के निर्देश के मुताबिक अब पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए दो सप्ताह तक रेडीनेस कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके जरिए शिक्षक वार्षिक परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की ओर से की गई सामान्य गलतियों की समीक्षा करेंगे। इससे शिक्षक विद्यार्थियों के साथ साझा करेंगे और विद्यार्थियों के पढ़ाई में सुधार करने का प्रयास करेंगे।

### जन जागरण साइकिल यात्रा का 12 को शहर में प्रवेश

**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान के तहत आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से 5 अप्रैल से 27 अप्रैल तक साइक्लोथॉन 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। समाज के बीच नशे के दुष्परिणाम और उनसे उनके जीवन पर पड़ने वाले गलत प्रभावों के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरू किए गए। इस प्रदेश स्तरीय अभियान की शुरुआत 5 अप्रैल को हिसार से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की गई है। जोकि विभिन्न जिलों से होते हुए 12 अप्रैल को जिला के गांव करौंथा में प्रवेश करेगी और और निर्धारित रूप से ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश देती हुई गांव बोहर स्थित नांदल भवन में पहुंचेगी।

### आरोपियों से 41 बोतल शराब की बरामद

**रोहतक।** पुलिस ने अवैध शराब बरामद करने के लिए अभियान चलाया। पुलिस ने तीन अलग-अलग जगहों से तीन आरोपियों से 41 देशी शराब की बोतलें बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आर्य नगर थाने के हैड कांस्टेबल को एक युवक को गांधी नगर की तरफ से प्लास्टिक का कट्टा लेकर आता हुआ दिखाई दिया।

## संकट मोचन मंदिर में राम नवमी पर हुआ हवन व सत्संग

# भक्तों ने मां दुर्गा की पूजा की, परिवार की सुख समृद्धि की मनोकामनाएं मांगी

साध्वी ने भक्तों संग मां जगदंबे के स्वरूप में आई कन्याओं के चरण धोकर, हाथों पर रोली मोली बांधकर, माथे पर तिलक, श्रृंगार का सामान देकर, उनकी पूजा व आरती की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में रविवार को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को महा नवमी और रामनवमी पर्व भक्तिभाव और हर्षोल्लास से मनाया गया। नवरात्रे के नौवें दिन मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। साध्वी ने भक्तों संग मां जगदंबे के स्वरूप में आई कन्याओं के चरण धोकर, हाथों पर रोली मोली बांधकर, माथे पर तिलक, श्रृंगार का सामान देकर, उनकी पूजा व आरती की। इसके बाद छोले-पूरी-हलवा, नारियल का प्रसाद देकर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर सुबह हवन, मंत्रोच्चारण व विधि-विधाननुसार से दुर्गा स्तुति व रामायण पाठ का समापन, भजन, प्रवचन, कीर्तन, आर्शीवचन हुए। पंडित अशोक शर्मा द्वारा आरती के बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।



### कष्ट नहीं मिलता

साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि प्रभु की भक्ति के बिना हमारा जीवन उसी तरह से निरर्थक हैं, जिस तरह से बिना फल-फूल के शुष्क वृक्ष है। जो व्यक्ति श्री रघुनाथ के सहारे रहते हैं, उन्हें जीवन में कोई भी कष्ट नहीं मिलता। उनके कष्टों को दूर करने के लिए प्रभु सदैव तत्पर रहते हैं। कलयुग में जीवन रूपी नौका को भवसागर के पार लगाने के लिए श्रीराम नाम ही एक साधन है।

उन्होंने कहा कि हमें अपने माता-पिता, बुजुर्गों की सेवा और आज्ञा मानने से बड़ा कोई कार्य नहीं है। यही सीख प्रभु श्रीराम ने दी। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि हमें भी श्रीराम से प्रेरणा लेते हुए अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। साथ ही अपने से बड़ों का आदर और छोटों को प्यार देना चाहिए।

### दुनिया चले न श्रीराम के बिना... भजन पर झूमे रामभक्त

मां के भजनों पर भक्त भक्ति के रस में डूबे नजर आए। मंडली द्वारा दुनिया चले ना श्रीराम के बिना, जो राम को लाएं हैं हम उनको लाएंगे, राम जी चले ना हनुमान के बिना, आज मैं नचना मैय्या दे द्वार मैंनू नच लेन दे, कूंडा खोल या ना खोल खड़काई जावांगे, तूने मुझे बुलाया शेरावालिएं मैं आया आया ज्योता वालिए, मेला देखण जाणा सै, ओ हो ताली बाजण दे और मैं कमली हो गई मां दे द्वारे, श्रद्धा ने नाल बुला लिता, माएं नी माएं छटें मेरां वाले मार दे, भक्तिमय भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया।

### राम नाम सब सुखों की खान : साध्वी मानेश्वरी

गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने प्रभु श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भक्तों को रामकथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि त्रेतायुग में चैत्र शुक्ल नवमी को भगवान राम का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को राम का जाप करना चाहिए। राम नाम सब सुखों की खान है। राम नाम के जप से कष्ट मिट जाते है। उन्होंने कहा कि भक्ति धन ऐसा धन है यह न तो कभी समाप्त होता है और न ही इसे कोई लूट सकता है। यह तो बढ़ता ही रहता है।



रोहतक। दुर्गा भवन मंदिर में नव निर्वाचित पार्षदों को सम्मानित करते मुख्यअतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व मंदिर के प्रधान ओमप्रकाश शर्मा।

# धूमधाम से मनाया रामनवमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

■ श्री सनातन धर्म दुर्गा भवन मंदिर में कलाकारों ने भगवान रामचंद्र के भजनों से भक्तों को किया भाव-विभोर

श्री सनातन धर्म दुर्गा भवन मंदिर में रामनवमी (राम जन्मोत्सव) का पर्व धूमधाम से मनाया गया। दुर्गा भवन मंदिर के प्रचार मंत्री रविंद्र मक्कड़ ने गणेश वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कलाकारों ने भगवान रामचंद्र के भजनों द्वारा भक्तों को भाव विभोर कर दिया। जय श्री राम के जयकारों ने वातावरण भक्तमय कर दिया। मंदिर के प्रधान ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि भगवान राम का धरती पर जन्म इसी दिन हुआ था। भक्तों के दुख दूर करने और दुष्टों का अंत करने के लिए श्रीराम त्रेता युग में इसी दिन पैदा हुए। चैत्र नवरात्र के नौवें दिन उनका जन्म हुआ था। भगवान राम स्वयं भगवान विष्णु का अवतार थे, हमें भगवान राम चंद्र के आदर्शों पर चलना चाहिए। जिससे हमारा जीवन हमेशा सुख में रहेगा। भगवान राम को झूला झुलाया गया और सभी भक्तों ने मिलकर भगवान राम की आरती की। मौके पर एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, प्रदीप कौशिक, श्याम कपूर, पार्षद डिंपल जैन, पार्षद अंजू सैनी, पार्षद कपिल नागपाल टीटू विज, सुरेश, दीपिका निगाना सहित श्री सनातन धर्म सभा के सदस्य मौजूद रहे।

## चौधरी देवीलाल का देशहित में योगदान अतुलनीयः अहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 24 पुण्यतिथि के अवसर पर सेक्टर एक स्थित चौधरी देवीलाल पार्क में धर्मसभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम इनेलो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही देशहित में किए गए उनके कार्यो को याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर इनेलो लीगल सेल के जिला अध्यक्ष एडवोकेट विनोद अहलावत ने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल का देशहित में योगदान अतुलनीय है, जिसे कभी भूलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि ताऊदेवी लाल का जीवन हमेशा गरीब किसान मजदूर व कमेरे वर्ग के लिए समर्पित रहा। उन्होंने बुजुर्गों के सम्मान में पूरे देश में पैंशन सेवा शुरू की, जिसकी बदौलत आज भी वह लोगों में दिल में निवास करते है। एडवोकेट विनोद अहलावत ने कहा कि इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला भी ताऊ देवीलाल के प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में विपक्ष की भूमिका सही मायने में इनेलो पार्टी निभा रही है, जोकि लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठा रही है। साथ ही उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर जिला प्रधान डॉ. नफे सिंह लाहली, पूर्व विधायक बलवंत मायना, डॉ. रणबीर सिंह हुड्डा, कृष्ण कौशिक एडवोकेट, विनेश लाकडा, रणबीर सिवाच, एडवोकेट अनुराज तनेजा, दलबीर राणा, सतीश नांदल सहित अनेक पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## ताऊ देवीलाल को मिले मरणोपरांत भारत रत्नः गोस्वामी

**रोहतक।** पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि पर रविवार को युवा इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गोस्वामी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ताऊ देवीलाल को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने कहा कि ताऊ देवीलाल ने एक समृद्ध परिवार में जन्म लेने के बावजूद ताउम्र समाज के दबे, शोषित, गरीब किसान-मजदूर के हितों के लिए संघर्ष किया। स्वाधीनता संग्राम से लेकर देश के उप प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए समाज के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई और पूरी जिंदगी देश के किसानों के लिए संघर्ष करते रहे। युवा इनेलो अध्यक्ष अरविन्द गोस्वामी ने कहा कि इतने लंबे राजनीतिक जीवन में ताऊ देवीलाल ने कभी लोभ, लालच या द्वेष से काम नहीं किया और सत्ता के बजाय लोगों के हितों को सर्वोच्च माना। प्रधान महासचिव दिनेश सहरावत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी मांग करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार को भी प्रदेश के लोगों की भावनाओं और ताऊ देवीलाल के संघर्ष को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार से ताऊ देवीलाल को भारत रत्न देने की मांग उठानी चाहिए।



## इस्माईला में वार्षिक खत्री खाप का सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांपला

खंड के गांव इस्माईला गांव में रामनवमी पर वार्षिक खत्री खाप का सम्मेलन हुआ। जिसमें कई राज्यों के खत्री गोत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले करीब 220 महिला, पुरुष और युवाओं को खाप की ओर से पगड़ी, मोमेंटो शांल, प्रदान कर सम्मानित किया गया। खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर सिंह की अध्यक्षता में ये वार्षिक सम्मेलन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर सिंह ने चरित्र निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि हम सबको शिक्षित व संगठित होकर आगे बढ़ने के प्रयास करने होंगे। समाज में फैलने वाली सामाजिक बुराईयों से बचना होगा और युवाओं की खेल और शिक्षा एवं राष्ट्रीय सेवा में भागीदारी बढ़ाएं। नशा व सामाजिक बुराइयों से बचने के लिए प्रेरित करें। ताकि वे अपने रास्ते से ना भटक सके।



### हवन यज्ञ में डाली आहुति, लगे जय श्री राम के नारे

सुबह 9 बजे राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्री राम की प्रतिमा रखकर हवन यज्ञ किया गया। जिसमें गांव व खाप के प्रतिनिधियों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाल कर जय श्री राम के जयकारे लगाए।





महम। खेड़ी महम गांव में आयोजित स्वामी निरंजन गिरी महाराज की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित समारोह की झलकियां।

## स्वामी निरंजन गिरी की 7वीं पुण्यतिथि पर खेड़ी आश्रम में उमड़ी भीड़

**महम।** खेड़ी महम गांव स्थित शिवानंद आश्रम में स्वामी निरंजन गिरी महाराज की 7वीं पुण्यतिथि श्रद्धा से मनाई गई। इस दौरान महम शहर, आस पास के गावों और दूर दराज क्षेत्रों से लोग उनकी समाधि पर मत्था टेकने के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके द्वारा अपने जीवन में की गई बीमार लोगों की सेवा को याद किया गया। उन्होंने लाखों मरीजों की निशुल्क चिकित्सा सेवा की थी। खेड़ी महम गांव में उनकी देखरेख में छोटे से औषधालय ने अब अस्पताल का रूप ले लिया है। कृष्ण कुमार लांबा ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और उनके साथ स्वामी जी की यादें ताजा की। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व विधायक आनंद सिंह दांगी, पूर्व विधायक बलराज कुंडू, विधायक बलराम दांगी, समाजसेवी धर्मबीर वकील, भाजपा नेता दीपक हुड्डा, एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट, पूर्व चेयरमैन अजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## हर सौ किलोमीटर पर एयरपोर्ट बने, शहरों को एआई से जोड़ा जाए

# मेयर को मिलने चाहिए पूरे अधिकार, तभी विकास सम्भवः जैन

■ महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट 11 को सुंदरकांड पाठ एवं मेयर व पार्षदों का करेगा अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

महाराजा अग्रसेन सेवा सदन के संरक्षक एवं उद्योगपति राजेश जैन ने कहा है कि पूर्व मेयर को पूरे अधिकार नहीं दिए गए थे जिसकी वजह से रोहतक में पर्याप्त विकास नहीं हो पाया। सीएम को अब मेयर को पूरे अधिकार देने चाहिए ताकि वह जनता के लिए बेहतर ढंग से काम कर सकें। उन्होंने कहा कि मेयर और सरकार से पूछा जाना चाहिए कि 2047 तक विकसित भारत में हरियाणा की क्या भूमिका होगी। इसका रोडमैप सभी को पता होना चाहिए। ऐसे में लोग कब तक सीवर और पानी जैसी समस्याओं को लेकर आवाज उठाते रहेंगे।

राजेश जैन ने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जमाना है। अपने आप को एआई में जोड़ो, उससे तरक्की के रास्ते खुलेंगे। ये बात उन्होंने रविवार को वैश्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इस दौरान पत्रिका का भी विमोचन किया गया।

उद्योगपति राजेश जैन ने कहा कि हरियाणा में सिर्फ चंडीगढ़ में एयरपोर्ट है और अब हिसार में महाराजा अग्रसेन के नाम से बनाए गए एयरपोर्ट से निश्चित ही इकोनॉमी बढ़ेगी। छोटे छोटे देशों में कई एयरपोर्ट है, ऐसे ही हरियाणा में भी हर 100 किलोमीटर पर एयरपोर्ट बनना चाहिए। साथ ही रेलवे नेटवर्क भी मजबूत होना चाहिए। सरकारी स्कूलों में शिक्षा के सुधार करना चाहिए।



रोहतक। पत्रिका का विमोचन करवाते हुए महाराजा अग्रसेन सेवा सदन के संरक्षक एवं उद्योगपति राजेश जैन व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### नौ को मनाया जाएगा विश्व शांति दिवस

राजेश जैन ने बताया कि 9 अप्रैल को विश्व शांति दिवस मनाया जाएगा। इस दिन महावीर संध्या भी मनाई जाएगी। 10 अप्रैल को महावीर जयंती मनाई जाएगी और 11 अप्रैल को अग्रसेन भवन में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस दिन सभी 22 पार्षदों व मेयर को सम्मानित किया जाएगा। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा उपस्थिति रहेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, भाजपा नेता अजय बंसल शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मेयर मनमोहन गोयल व उद्योगपति सुरेंद्र जैन करेंगे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
• एचआर हेड (महिला)
• फील्ड ऑफिसर
• टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com

WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप



### राम नवमी के उपलक्ष्य में हवन किया आयोजित

**रोहतक।** डेरा श्री बाबा लक्ष्मणपुरी गोकर्ण तीर्थ पर रविवार को नवरात्रों की दुर्गा अष्टमी एवं श्री राम नवमी के उपलक्ष में हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान उप आचार्य गौकर्ण पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज ने सभी को अपना आशीर्वाद दिया।

### तनु 100 व 200 मीटर दौड़ में प्रथम



**रोहतक।** राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर गत 30 मार्च से 5 अप्रैल तक हिसार में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुकलान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी पुष्पा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसिया ने बताया कि जिसमें रोहतक जिले के विभिन्न स्कूलों की 19 लड़कियों और 7 लड़कों ने भाग लिया। तनु ने 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में पहला स्थान, मेंहदी में तनु, मीनाक्षी, निशा, अनुराधा और अदिति प्रथम रही।

### कुलपति प्रो. सुदेश समेत दूसरी यूनिवर्सिटी के वीसी कार्यक्रम में हुए शामिल

# भारतीय शिक्षण मंडल के स्थापना दिवस पर प्रदेश के शिक्षाविद एमडीयू में एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

प्रभु श्री राम ने उपदेश से नहीं अपितु अपने आचरण से समस्त विश्व को प्रभावित किया था। सत्य है की उपदेश से विकास नहीं होता बल्कि आचरण से ही विकास होता है। इसलिए महत्वपूर्ण है कि शिक्षा में 'रामत्व' की प्राण प्रतिष्ठा होनी ही चाहिए। यह कहा है भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बीआर शंकरानंद ने। शंकरानंद रविवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में भारतीय शिक्षण मंडल के 56 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता संबोधन दे रहे थे। कार्यक्रम का विषय श्रेष्ठ भारत में शिक्षकों की भूमिका था। मंत्री बीआर शंकरानंद ने कहा कि सच्चा संस्कार वही है को करणीय व अकरणीय में अंतर बतलाता हो। भारतीय शिक्षण मंडल की स्थापना रामनवमी के अवसर पर हुई थी इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा में भी रामत्व का समावेश होना चाहिये। जब शिक्षा में रामत्व आता है तो सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण ही शिक्षा का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है कि स्वस्थ कुटुम्ब का निर्माण हो और स्वस्थ कुटुम्ब के निर्माण के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ हो। तदुपरांत ही एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों को विद्यार्थियों के लिए एक उदाहरण बनकर सामने आना चाहिए, तभी देश के युवा विद्यार्थी भी राष्ट्र निर्माण में अपना सकारात्मक योगदान दे पायेंगे।






#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में पुष्पेंद्र राठी, पं भगवत दयाल स्वास्थ्य विज्ञान विवि के कुलपति प्रो. एचके अग्रवाल ,भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश छिक्कारा, पूर्व कुलपति डॉ. श्रेयांश द्विवेदी, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ. पूर्णमल गौड़, पूर्व कुलपति प्रो. जेपी यादव, डॉ. चंचल भारद्वाज, जगदंबे वर्मा, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा, चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की कुलसचिव डॉ. लवलीन मोहन, पूर्व कुलसचिव प्रो. प्रमोद भारद्वाज, पूर्व कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा, शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वीपी यादव, डॉ. अश्वनी शर्मा, द्रोणाचार्य अवॉर्डी सुनील डबास सहित अनेक शिक्षाविद शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि साउथ एशियन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो केके. अग्रवाल, बतौर विशिष्ट अतिथि हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा ने भी शिरकत की। भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत अध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र भारद्वाज एवं संगठन मंत्री गणपति तेती का मार्गदर्शन भी शिक्षाविदों का रहा।

#### देश के विकास में शिक्षण संस्थानों का महत्वपूर्ण योगदान : कुलपति

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसकी सहायता से विकास की पटरी पर दौड़ा जा सकता है। देश के विकास में शिक्षण संस्थानों का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षक जब तक गुरु नहीं बनेगा तब तक यह सब असंभव है। एकेडमिक वातावरण निर्माण से शिक्षा में बदलाव आएगा, ऐसा उनका कहना था। कुलपति ने कहा कि हम अपने शिक्षण संस्थानों में सौहार्द का सकारात्मक वातावरण तैयार करें। कार्यक्रम में अखिल भारतीय मंडल कार्य विभाग प्रमुख एवं प्रांत अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने भारतीय शिक्षण मंडल की प्रस्तावना प्रस्तुत की। उन्होंने शिक्षा में भारतीयता लाने के लिए प्रत्येक नागरिक के नैतिक कर्तव्यों,शिक्षा स्तंभों, गुरुकुल शिक्षा पद्धति, गुरु शिष्य परंपरा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पर विस्तृत प्रकाश डाला।

## नागरिक अस्पताल की गम्बूजिया फिश हैचरी टैंक में हुआ रिसाव



**महम।** नागरिक अस्पताल महम गम्बुजिया फिश टैंक को दिखाते हैल्थ इंस्पेक्टर सुनील कुमार अहलावत। फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम

डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया के लारवा को समाप्त करने के लिए महम के नागरिक अस्पताल परिसर में गम्बूजिया फिश की एक हैचरी बनाई गई है। ताकि लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाया जा सके। उपमंडल नागरिक अस्पताल महम के अधीन आने वाले महम शहर व आस पास के गांवों के ठहरे हुए जल स्रोतों जैसे स्थाई तालाबों व अन्य बरसाती पानी के अस्थाई स्रोतों में मच्छर के लारवा को पनपने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गम्बूजिया मछलियों को इन तालाबों में छोड़ दिया जाता है। लेकिन सिविल अस्पताल में बनाई गई गम्बूजिया फिश की हैचरी की दीवारों में दरारें आ गई हैं।

#### *मरम्मत करने का लिया निर्णय*

*आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने इस टैंक की मरम्मत करवाने का निर्णय लिया है। नागरिक अस्पता महम के स्वास्थ्य निरीक्षक सुनील कुमार अहलावत ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में उच्च अधिकारियों को एक पत्र लिखा था, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्हें उम्मीद है कि बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ही गुम्बुजिया फीश की हैचरी की मरम्मत करवा दी जाएगी। टैंक की मरम्मत होने के बाद यहां पर जिला मलेरिया अधिकारी रोहतक के कार्यालय से यहां पर गम्बूजिया फिश भेज दी जाएंगी।*

### खिड़वाली गोशाला की वार्षिक सभा का आयोजन



**रोहतक।** श्री गोशाला खिड़वाली में जिला वार्षिक लेखा-जोखा के लिए सभा का आयोजन किया गया। लगभग 130 वर्ष पुरानी इस गौशाला में आयोजित सभा की अध्यक्षता एडवोकेट गुगन सिंह हुड्डा ने की, जबकि मंच संचालन रामफूल हुड्डा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा रहे और विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकरण पघांल एडवोकेट (महासचिव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एडवोकेट दीपक हुड्डा ने कहा कि खिडवाली गांव उनका पैतृक गांव है जहां वे पले बढ़े और कक्षा चौथी तक की शिक्षा अपने गांव खिड़वाली में ही ली।



## बाल बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुड़गांव जॉइंट्स ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरकिशन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बाल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। संघ के महासचिव सुनील वशिष्ठ ने बताया कि हरियाणा बाल बैडमिंटन संघ के बैनर तले 5 वे 6 अप्रैल को हरियाणा बाल बैडमिंटन प्रीमियम लीग का आयोजन हुआ, जिसमें राज्य के पांच क्लब ने भाग लिया। इन क्लबों के लीग मुकाबले हुए, जिसमें गुड़गांव जॉइंट्स ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहहीं पानीपत पैंथर्स ने दूसरा, व रोहतक रॉयल्स ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी काला गांधरा व बिजेंदर ब्रह्मचारी ने किया। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। हरकिशन मेमोरियल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सुधीर व डिप्टी डायरेक्टर नरेश ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संघ के वाइस प्रेसिडेंट सत्येंद्र, सह सचिव सुरेश पन्नू, ट्रेजरर मनोज ढुल, टेक्निकल डायरेक्टर हरबीर राठी, नीरज राणा, मनीष वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज के नेत्रबैंक में एक और नेत्रदान जमा

**रोहतक।** क्षेत्रीय आई बैंक मेडिकल कॉलेज को एक नेत्रदान की और प्राप्ति हुई। जितेंद्र कुमार ने पूर्व नेत्र अधिकारी नीरज दुआ के मध्यम से पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा से संपर्क कर जानकारी दी कि मैं अपने भाई राजेश कुमार की आंखों का दान करना चाहता हूं। पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने तुरंत आरआईओ इंचार्ज डॉक्टर आरएस चौहान से संपर्क किया और टीम भेजने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने तुरंत डॉ निधि, डॉक्टर अपूर्व, डॉक्टर जानवी, डॉक्टर ललिता की टीम गठित करके राजेश कुमार के निवास स्थान शिवाजी कॉलोनी भेजा। जिन्होंने राजेश कुमार की आंखों को प्राप्त कर नेत्र बैंक में जमा करवाया। पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि आर्य समाज पहले भी नेत्रदान में में सहयोग करता रहा है और आज राजेश कुमार जो कि रोहतक में कोर्ट में कार्यरत थे, उनकी आंखों को दान स्वरूप समाज को समर्पित किया। क्षेत्रीय आई बैंक एवं स्वास्थ्य विभाग ने परिवार का धन्यवाद किया।

# भाजपा नेताओं ने धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

## *जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया ने ध्वजारोहण किया और कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी*

- शमशेर सिंह खरक ने भाजपा की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

भाजपा मंडल लाखन माजरा इकाई के कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 46वां स्थापना दिवस पर हवन यज्ञ करके और मिठाई बांटकर मनाया। कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के पहले अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व महासचिव पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि करते हुए उन्हें याद किया। भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को मंडल इकाई ने लाखन माजरा की धानक चौपाल में एकत्रित होकर मंडल अध्यक्ष अमित चौहान की अध्यक्षता में स्थापना दिवस का कार्यक्रम किया पहले सभी कार्यकर्ता हवन यज्ञ में शामिल हुए। बाद में जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद कार्यकर्त्ताओं के बीच मिठाई बांटी गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है। 6 अप्रैल 1980 को हुई पार्टी की स्थापना के बाद से भाजपा ने भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में राम मंदिर निर्माण,धारा 370 को समाप्त और तीन तलाक व वक्फ बोर्ड बिल को पास होते देखा है। इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष सतबीर राठी, कर्नल संदीप नैन, मंडल अध्यक्ष अमित चौहान,ललिता शर्मा, महाबीर जोगी राजकुवार नम्बरदार, महिपाल परमार अनिल राठी, राजकपूर, अमन जगलान सहित प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।



**रोहतक।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व महासचिव पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि करते जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया,भाजपा युवा नेता नवीन ढुल व अन्य।



**रोहतक।** पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के निवास स्थान पर पार्टी का झंडा फहरा कर भाजपा का स्थापना दिवस मनाते युवा नेता हिमांशु ग्रोवर व कार्यकर्ता।

#### *सांपला में बांटे लड्डू*

*सांपला। रविवार को कार्यकर्ताओं ने भाजपा का स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया। कार्यकर्ताओं ने जहां लड्डू बाटकर खुशी मनाई ,वही पार्टी का ध्वज भी एक दूसरे को वितरित कर घरों पर फहराया। जिले के उपाध्यक्ष उदय भान मलिक ने लोगों से लड्डू बांटे और पार्टी के गौरवशाली इतिहास को याद किया। उन्होंने कहा कि विश्व में सबसे बड़े लोकतांत्रिक राजनीतिक संगठन से जुड़ना सभी के लिए गर्व की बात है।*

### रीढ के विकार का सही कारण जांचना जरूरी : डॉ रूप सिंह



**रोहतक।** जन्मजात रीढ़ की विकृति रीढ़ की हड्डी के विकार हैं जो गर्भ में विकसित होते हैं। भ्रूण के विकास के दौरान, कोशिकाएं सही ढंग से नहीं बनती हैं, जिससे असामान्य रीढ़ की हड्डी का संरेखण होता है जो बच्चे की नसों को प्रभावित कर सकता है। एक बच्चे में एक या अधिक प्रकार की जन्मजात रीढ़ की विकृति विकसित हो सकती है। यह कहना है पीजीआईएमएस के हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रूप सिंह का। वें रविवार को लेक्चर थियेटर वन में चल रहे छठे पीजी टीचिंग कोर्स के अवसर पर पीजी चिकित्सकों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. रूप सिंह ने कहा कि रीढ की हड्डी में विकार पोलियो, पारिवारिक हिस्ट्री, जन्म के समय आक्सिजन की कमी, किसी बीमारी से नर्व का दबना आदि कारणों से हो सकता है। उन्होंने बताया कि करीब दो दर्जन मरीज प्रतिभा विभाग की ओपीडी में ऐसे आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चे की रीढ़ की हड्डी की विकृति के लक्षण उनकी स्थिति के प्रकार, गंभीरता और प्रभावित क्षेत्र के आधार पर अलग-अलग होंगे।

### बाल संस्कार कार्यक्रम का आयोजन



**रोहतक।** माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बाल संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु ग्रोवर, समाज सेवी सुशील गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। हिमांशु ग्रोवर ने बताया कि ट्रस्ट में सनातन धर्म की शिक्षा देकर एक अच्छा कार्य किया जा रहा है। यह अति हर्ष की बात है कि यह बच्चे देश की सेवा के लिए अग्रिम रहेंगे। इसी के साथ उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सुशील गुप्ता ने बच्चों से कहा कि आप सभी को अच्छे से मन एकाग्र करके पढ़कर अपने देश का भविष्य उज्जवल बनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को नोटबुक वितरित की। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को पटेक की माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। ट्रस्ट के वरिष्ठ उपप्रधान गोविंद राम सिंघल ने बताया कि हमें अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहना चाहिए। भय और चिंता, यह मनुष्य की संपूर्ण शक्तियों को समाप्त कर देती है। इस अवसर पर पवन गोयल, संजय चावला, हरिप्रकाश गुप्ता, कविता जांगड़ा, गोबिंद राम सिंघल, नरेश जैन, दिनेश गर्ग, अजेश गुप्ता, कृष्ण मित्तल, मुकेश गुप्ता, प्रेम गर्ग, कृष्ण मित्तल, कुलदीप मित्तल, पंकज आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**उपलब्धि** राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं, महम बार एसोसिएशन के रजिस्टर्ड अधिवक्ता भी हैं

नौकरी से सेवानिवृति के बाद भी अपने आप को रखा जा सकता है सक्रिय

# रिटायरमेंट के बाद प्राथमिक चिकित्सा की ट्रेनिंग देकर अपने नाम को सार्थक कर रहे कर्मवीर सिंह

राज कुमार नरवाल ▸▸| महम

कई लोगों में काम करने का इतना जुनून होता है कि वे सेवानिवृति के बाद भी कोई न कोई ऐसा काम ढूंढ लेते हैं, जिससे समाज में उनकी सक्रियता बनी रहे। महम निवासी कर्मवीर सिंह भी एक ऐसा ही उदाहरण हैं। जुलाई माह में वे 65 साल के हो जाएंगे, लेकिन खाली बैठना उनको मंजूर नहीं है। शारीरिक व मानसिक सक्रियता बनाए रखने के लिए उन्होंने रिटायरमेंट के बाद अपने उस हुनर का प्रयोग किया, जो उन्होंने शिक्षक की नौकरी के दौरान हासिल किया था। सरकारी शिक्षक की नौकरी के साथ साथ इन्होंने हरिद्वार में रेडक्रॉस के तहत फर्स्ट एड और होम नर्सिंग की ट्रेनिंग ली। सरकारी सेवा के दौरान ही इन्होंने एमडीयू से सांध्यकालीन कक्षाओं के तहत एलएलबी की परीक्षा पास की। स्कूल से छुट्टी होने के बाद रोजाना रोहतक में कक्षाएं लगाने पहुंचते थे। अब ये अपने इन दोनों हुनर का रिटार्यरमेंट के बाद फायदा उठा रहे हैं। अब ये महम बार एसोसिएशन के रजिस्टर्ड वकील हैं। साथ ही रेडक्रॉस द्वारा महम की पुरानी तहसील में बनाए गए ट्रेनिंग सेंटर में युवक युवतियों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता की ट्रेनिंग दे रहे हैं।



**महम।** प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा की ट्रेनिंग देते फर्स्ट एड ट्रेनर कर्मवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

#### *फर्स्ट एड के दो ग्रुप की ट्रेनिंग शुरू की*

*रेडक्रॉस ने इनको फर्स्ट एड का ट्रेनर नियुक्त किया हुआ है। फिलहाल यहां पर कमरा नंबर 5 में इन्होंने फर्स्ट एड के दो ग्रुप की ट्रेनिंग शुरू की हुई है। सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम को 2 बजे से 4 बजे तक ये ट्रेनिंग देते हैं। इनकी ट्रेनिंग 8 दिन तक चलती है। ट्रेनिंग के लिए आवेदन की पूरी प्रक्रिया ऑन लाइन है। नया ग्रुप बनते ही अगले बैच की ट्रेनिंग शुरू कर देते हैं। रविवार को प्रातः कालीन सत्र में प्रतिभागियों को कार्डियो पल्यूमनरी रिसैस्टेशन यानि सी पी आर की विस्तृत जानकारी दी गई। जब मनुष्य के हृदय व फेफड़े काम करना बंद कर देते हैं व मनुष्य मृत प्राय हो जाता है, तब सही सी पी आर मनुष्य में प्राण फूंकने काम करता है। प्रतिभागियों ने डम्मी पर सी पी आर देने की विधि बड़ी ही उत्सुकता से सीखी। विज्ञान शिक्षक के तौर पर कर्मवीर सिंह ने शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं शुरू की थी। उसके बाद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता रहे। बाद में पदोन्नत होकर हैडमास्टर बन गए। हैडमास्टर के पद से सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृति के बाद हाई कोर्ट का एक आदेश आया, जिनमें इनको प्रिंसिपल प्रमोट किया गया था।*

#### वर्ष 2008 में किया गया था सम्मानित

वर्ष 2008 में इनको राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को वे बतौर वकील फ्री परामर्श देते हैं। कर्मवीर सिंह उन लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जो यह सोचते हैं कि सेवानिवृति के बाद खुद को कैसे सक्रिय रखा जा सकता है। अब तक वे करीब 8 हजार युवक युवतियों को प्राथमिक चिकित्सा की और करीब 3500 प्रतिभागियों को होम नर्सिंग का प्रशिक्षण दे चुके हैं। ये सेंट जॉन एम्बुलेंस और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य हैं और अब तक 52 बार रक्तदान कर चुके हैं।